

# अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की कलम से.........

*1 अप्रैल, 2022*

*प्रिय साथियों,*

वित्त वर्ष 2021–22 इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है। हमने साल की शुरुआत बेहद गंभीर स्थिति और कोविड की दूसरी लहर के बीच की थी। इस वर्ष के लिए कई आशंकाएं थीं और फिर भी इसके अंत तक हम महामारी की चुनौतियों को अपने पीछे छोड़ते हुए पहले के मुकाबले कहीं अधिक आशान्वित हैं। महामारी ने हमारी निर्माण परियोजनाओं में कई चुनौतियों को पेश किया और हम अपने केपेक्स लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सके, फिर भी हम वित्त वर्ष 2020–21 में प्राप्त केपेक्स की तुलना में अधिक केपेक्स खर्च करने में सफल रहे और अब तक का अपना उच्चतम वार्षिक केपेक्स रिकॉर्ड किया है। यह आपकी कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता के कारण संभव हुआ है, जो हमारी प्रगति और सफलता का अभिन्न अंग हैं। मैं विशेष रूप से सुबनसिरी लोअर परियोजना और तीस्ता-VI टीमों का उनके सराहनीय प्रयासों के लिए उल्लेख करना चाहूंगा। सफलता उन्हें मिलती है और वही बनाए रख सकते हैं जो कोशिश करते हैं और निरंतर कोशिश करते रहते हैं। उत्कृष्टता कोई कार्य नहीं है, बल्कि यह एक आदत है और हम वही बनते हैं जो हम बारमबार करते रहते हैं। यदि हम सभी अपनी परियोजना टीमों से प्रेरणा लें और संगठन के लक्ष्यों के लिए समर्पित रूप से काम करें, तो एनएचपीसी का स्वर्णिम युग दूर नहीं है।

हमारे पावर स्टेशनों ने भी सराहनीय प्रदर्शन किया है। वित्त वर्ष 2021–22 में हमारे पावर स्टेशनों से कुल उत्पादन 24854.6 एमयू था। हमारे पावर स्टेशनों से अतिरिक्त पर्यावरण प्रवाह जारी होने के बावजूद यह हमारा अब तक का दूसरा सबसे अधिक वार्षिक उत्पादन है। इसके अलावा, हमारे संयंत्रों के पीएएफ में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और हमने इस तंत्र की शुरुआत के बाद से अपना उच्चतम वार्षिक पीएएफ दर्ज किया है। ऐसे ही अच्छा कार्य करते रहें।

हमारी परियोजनाओं में निर्माण गतिविधियों की गति में काफी सुधार हुआ है और यह प्राप्त की जा रही विभिन्न उपलब्धियों से स्पष्ट है। 2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की यूनिट # 1 की 85 टन वजनी लोअर ब्रैकेट असेंबली को सफलतापूर्वक जनरेटर में स्थापित किया गया है। 500 मेगावाट तीस्ता–VI जल विद्युत परियोजना की कट ऑफ वॉल (चरण-I) को 14 मार्च 2022 को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। 1000 मेगावाट पकल दुल जलविद्युत परियोजना के कंक्रीट फेस रॉक फिल बांध (सीएफआरडी) के निर्माण से संबंधित गतिविधियां 05.03.2022 को शुरू की गई।

निर्माण परियोजनाओं में कार्यों की प्रगति हमारे प्रदर्शन का एक सच्चा मानदंड है और शीर्ष प्रबंधन द्वारा साइट पर नियमित दौरे कार्यों को अधिक गति प्रदान करते हैं। दरअसल मैं यह संदेश तीस्ता–VI परियोजना से ही लिख रहा हूं। मैं तीस्ता बेसिन परियोजनाओं के पांच दिवसीय दौरे पर हूं और दिनांक 30.03.2022 को रंगित–IV जलविद्युत परियोजना में कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और निर्माण गतिविधियों में तेजी लाने के लिए चर्चा की।

एनएचपीसी ने 4 मार्च 2022 को वित्त वर्ष 2021–22 के लिए भारत सरकार को 933.61 करोड़ रुपये के अंतरिम लाभांश का भुगतान किया। अधोहस्ताक्षरी ने 10 मार्च, 2022 को विद्युत मंत्रालय और एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में श्री आर.के. सिंह, माननीय केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री को लाभांश भुगतान बैंक एडवाइस प्रस्तुत की ।

मैं 24.03.2022 को नई दिल्ली में श्री एलो लिबांग, माननीय मंत्री स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, अधिकारिता और जनजातीय मामलें, अरुणाचल प्रदेश सरकार से मिला और उन्हें अरुणाचल प्रदेश में एनएचपीसी परियोजनाओं की स्थिति से अवगत कराया। माननीय मंत्री ने एनएचपीसी के प्रयासों की सराहना की और एनएचपीसी को अपने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

नई जलविद्युत परियोजनाओं के आवंटन के लिए नेपाल सरकार के अधिकारियों के साथ चर्चा अंतिम चरण में है। हमारी टीमों ने नेपाल सरकार में अधिकारियों के साथ शीर्ष स्तर पर बैठकें की हैं और इस संबंध में जल्द ही एक सफलता की उम्मीद है।

एनएचपीसी को 29 मार्च 2022 को नई दिल्ली में आयोजित वाटर डाइजेस्ट 'वाटर अवार्ड्स, 2021–2022' में 'बांध पुनरूद्धार परियोजना के सर्वश्रेष्ठ कार्यान्वयन' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार 280 मेगावाट धौलीगंगा पावर स्टेशन (उत्तराखंड) के बांध और अन्य घटकों के पुनरूद्धार हेतु है, जो 2013 में बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो गया था। अधोहस्ताक्षरी ने श्री गजेंद्र सिंह शेखावत, माननीय कैबिनेट मंत्री, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार से पुरस्कार प्राप्त किया।

**इस माह की मुख्य विशेषताएं हैं:**

- असम के माननीय मुख्यमंत्री श्री हिमंत बिस्वा सरमा ने 3 मार्च, 2022 को 2000 मेगावाट की सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना का दौरा किया। माननीय मुख्यमंत्री ने परियोजना की चल रही निर्माण गतिविधियों में गहरी रुचि ली।

- प्रो. रीता बहुगुणा जोशी, माननीय संसद सदस्य (लोकसभा) की अध्यक्षता में संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति ने निगम मुख्यालय में किए जा रहे राजभाषा कार्यान्वयन के संबंध में दिनांक 04.03.2022 को एनएचपीसी के साथ निरीक्षण बैठक की। समिति के माननीय सदस्यों ने राजभाषा के कार्यान्वयन में एनएचपीसी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

- दिनांक 08.03.2022 को सभी कार्य स्थलों में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर दिनांक 8 से 9 मार्च, 2022 तक एनएचपीसी महिला कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। श्रीमती अलका तिवारी, आईएएस, सचिव, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) द्वारा इस कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। श्रीमती वर्तिका शुक्ला, सीएमडी, इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) ने 9 मार्च, 2022 को कार्यशाला के समापन सत्र के दौरान अपने शब्दों से दर्शकों को प्रेरित किया।

- वसंत के आगमन का स्वागत करने और भारतीय संस्कृति की समृद्धता और विविधता को प्रदर्शित करने के लिए, 13 मार्च, 2022 को आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत एनएचपीसी आवासीय परिसर, फरीदाबाद में बड़े उत्साह और उमंग के साथ 'वसंत उत्सव 2022' का आयोजन किया गया।

- राजभाषा विभाग द्वारा 22 से 23 मार्च, 2022 तक फरीदाबाद में दो दिवसीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में प्रख्यात हिंदी साहित्यकार चित्रा मुद्गल सहित विभिन्न हिंदी साहित्यकारों, विद्वानों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

- एनएचपीसी ने सीएसआर एवं एसडी नीति के अंतर्गत 25 मार्च, 2022 को हरियाणा पुलिस, फरीदाबाद को 5 पेट्रोलिंग वाहन प्रदान किए।

- एनएचपीसी एथलीटों ने इंटर सीपीएसयू एथलेटिक टूर्नामेंट में 18 पदक (1 स्वर्ण, 7 रजत और 10 कांस्य पदक) जीते। हमारी टीम ओवरऑल पोजीशन में दूसरे स्थान पर रही। सभी को हार्दिक बधाई !

- हमारे खिलाड़ियों ने 26वें इंटर सीपीएसयू बैडमिंटन टूर्नामेंट में भी शानदार प्रदर्शन किया और कई पदक जीते। सभी खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई।

- मार्च माह, 2022 के दौरान कुल राजस्व संग्रह 418.95 करोड़ रुपए और वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान कुल राजस्व संग्रह 9330.30 करोड़ रुपए किया गया है।

- वित्तीय वर्ष 2021–22 की समाप्ति तक एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 24854.6 मि. यू. रहा।

मैं गुड़ी पड़वा, बैसाखी, बिहू, रामनवमी, महावीर जयंती, पवित्र माह रमजान और ईस्टर के शुभ अवसर पर आपको और आपके परिवार को बधाई देता हूं।

आपका

**(ए. के. सिंह)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**



# FROM CMD's DESK

*1$^{st}$ April, 2022*

**Dear Colleague,**

FY 2021-22 has just sneaked into the pages of history. We started the year on extremely grim note and amid the rampaging 2$^{nd}$ wave of COVID. There were many apprehensions regarding how the year will pan out and yet by the end of it we are more hopeful than ever of finally leaving the challenges of pandemic behind us. The pandemic posed many a challenges at our construction projects and we could not achieve our CAPEX targets, still we managed to surpass the CAPEX achieved in FY 2020-21 and record our highest ever annual CAPEX. This has been possible due to your hard work and commitment, which are so integral to our progress and success. I would like to specially mention Subansiri Lower Project and Teesta VI teams for their admirable efforts. Success is achieved and maintained by those who try and keep trying. Excellence is not an act, but a habit and we are what we repeatedly do. If we all take inspiration from our project teams and dedicatedly work towards organization goals, then the golden age of NHPC is just around the corner.

Our power stations have also performed admirably. The total generation from our power stations in the FY 2021-22 was 24854.6 MU. This is our second highest ever annual generation despite the additional environment flow release from our power stations. Further, there has been marked improvement in PAF of our plants and we have recorded our highest annual PAF since the introduction of this mechanism. Keep up the good work.

The pace of construction activities at our Projects has improved quite a lot and it is evident in the various milestones being achieved. The Lower Bracket Assembly of Unit # 1 of 2000 MW Subansiri Lower HE Project, weighing 85T has been successfully placed in generator. Cut off wall (1$^{st}$ phase) of 500 MW Teesta-VI HE Project was successfully completed on 14$^{th}$ of March 2022. The activities related to construction of Concrete Face Rock fill Dam (CFRD) of 1000 MW Pakal Dul H.E. Project commenced on 05.03.2022.

The progress of works at construction projects is a true benchmark of our performance and regular visits by the top level management gives impetus to the works at site. In fact I am writing this message from Teesta-VI Project itself. I am on a five day tour to Teesta Basin Projects and on 30.03.2022 reviewed the progress of the works at Rangit-IV H E Project and held discussions for expediting the construction activities.

NHPC paid an interim dividend of Rs. 933.61 crore to Govt. of India for FY 2021-22 on 4$^{th}$ of March 2022. Undersigned presented the dividend payout bank advice to Shri R. K. Singh, Hon'ble Union Minister of Power and New & Renewable Energy on March 10, 2022 in the presence of senior officers from Ministry of Power and NHPC.

I met Shri Alo Libang, Hon'ble Minister Health & Family Welfare, Social Welfare, Women & Child Development, Social Justice, Empowerment & Tribal Affairs, Govt. of Arunachal Pradesh on 24.03.2022 at New Delhi and apprised him about the status of NHPC projects in Arunachal Pradesh. Hon'ble Minister appreciated NHPC's efforts and assured of his full support to NHPC.

The discussions with Government of Nepal authorities for allotting new hydro projects are in final stages. Our teams have held meetings at the top levels of authorities in government of Nepal and a breakthrough in this regard is expected soon.

NHPC was conferred with 'Best Implementation of Dam Rehabilitation Project' award at the Water Digest 'Water Awards, 2021-2022' held at New Delhi on 29$^{th}$ March 2022. The award recognizes the Rehabilitation of Dam and other Components of 280 MW Dhauliganga Power Station (Uttarakhand) after it was damaged by floods in 2013. Undersigned received the award from Shri Gajendra Singh Shekhawat, Hon'ble Cabinet Minister, Ministry of Jal Shakti, Government of India.

**Other highlights of the month are:**

- Shri Himanta Biswa Sarma, Hon'ble Chief Minister, Assam visited the 2000 MW Subansiri Lower HE Project on 3rd of March 2022. Hon'ble Chief Minister took keen interest in the ongoing construction activities of the project.

- 2nd Sub Committee of Parliamentary Official Language Committee under the chairpersonship of Prof. Rita Bahuguna Joshi, Hon'ble Member of Parliament (Loksabha), held inspection meeting with NHPC on 04.03.2022 regarding work of Official Language being done in the Corporate Office. Hon'ble members of the Committee appreciated the efforts of NHPC in implementation of Rajbhsha.

- International Women's Day was celebrated across all locations on 08.03.2022. To commemorate the occasion, a two day workshop for NHPC women employees was also organized from 8th to 9th March 2022. The workshop was inaugurated by Smt. Alka Tiwari, IAS, Secretary, National Commission for Scheduled Tribes (NCST). Smt. Vartika Shukla, CMD, Engineers India Limited (EIL) inspired the audience with her words during the concluding session of the workshop on 9th March 2022.

- To welcome the arrival of spring and to showcase the rich and diverse Indian culture, 'Vasant Utsav 2022' was organized under Azadi ka Amrit Mahotsav with great fervour and enthusiasm at NHPC Residential complex, Faridabad on 13th of March 2022.

- A two-day All India Official Language Conference was organized by Rajbhasha Division from 22nd to 23rd March 2022 at Faridabad. Various Hindi litterateurs including eminent Hindi litterateur Chitra Mudgal, scholars and senior officials participated in the conference.

- NHPC provided 5 nos. patrolling vehicles under CSR & SD policy to Haryana Police, Faridabad on 25th March 2022.

- NHPC athletes won 18 medals (1 Gold, 7 silver and 10 Bronze medals) in the Inter CPSU Athletic Tournament. Our team stood second in overall position. Congratulations!

- Our players also put on a great show in 26th Inter CPSU Badminton Tournament and won many medals. Congratulation to all the players for their commendable performance.

- The total revenue collection during the month of March 2022, was Rs. 418.95 crore and total revenue of Rs. 9330.30 crores has been collected during FY 2021-22.

- The total cumulative generation of all NHPC power stations till the end of financial year 2021-22 stood at 24854.6 MUs.

I convey my greetings to you and your family on the auspicious occasions of Gudi Padwa, Baisakhi, Bihu, Ramnavmi, Mahavir Jayanti, the holy month of Ramadan and Easter.

**Sincerely yours,**

**(A. K. Singh)**
**Chairman & Managing Director**